<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–**30 अगस्त** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से साझा करेंगे अपने विचार। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर होगा प्रसारण।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की। वर्षों से लंबित राजस्व मामलों को समयबद्ध ढ़ंग से निस्तारित करने के दिए निर्देश।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल। कहा– आज जब भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है।
- बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने की वजह से प्रदेश में कई नदियां उफान पर। चित्रकूट में मंदाकिनी और बलिया में गंगा ने किया खतरे के निशान को पार।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सैंतीसवीं कड़ी के तहत 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर सीधे प्रसारित होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों तथा पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के साथ जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। एक रिपोर्ट

***मुख्यमंत्री ने राजस्व न्यायालयों में वर्षों से लम्बित मामलों को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आम नागरिक की जमीन, सम्पत्ति और अधिकारों से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि नायब तहसीलदार कोर्ट से लेकर राजस्व परिषद के न्यायालयों तक 05 वर्ष से अधिक समय से लम्बित सभी राजस्व मामलों को प्राथमिकता से चिन्हित कर नियोजित प्रयासों के साथ निस्तारित कराया जाए। साथ ही धारा 33 के अविवादित वरासत के मामलों को मिशन मोड में निस्तारित किया जाए। इस दौरान उन्होंने जनता दर्शन तथा आई.जी.आर.एस. में प्राप्त जनशिकायतों के त्वरित एवं संतुष्टिपरक निस्तारण, राजस्व न्यायालयों की कोर्टवार समीक्षा और लम्बित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने के साथ अपराध नियंत्रण के लिए सतर्कता और प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह***

बैठक में मुख्यमंत्री ने चित्रकूट, फर्रुखाबाद, अयोध्या, आजमगढ़ और बाराबंकी के जिलाधिकारियों के साथ बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राहत कार्य पूरी संवेदनशीलता और सजगता के साथ किया जाए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देवरिया के सलेमपुर और भाटपार रानी विधान सभा क्षेत्रों में 305 करोड़ रुपए लागत की 80 लोकहितकारी परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार के सुशासन का परिणाम है कि आज गरीब को बिना मांगे राशन, बिजली, आवास, शौचालय और नौजवान को रोजगार व सरकारी नौकरी मिल रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में देवरिया सर्वांगीण विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

***देवरिया आज विकास के नए प्रतिमान को स्थापित कर रहा है। कनेक्टिविटी बेहतर हो रही है। कहीं बाईपास बन रहे हैं, कहीं फ्लाईओवर बन रहे हैं, कहीं सिंगल लेन की सड़क डबल लेन में, डबल लेन की फोर लेन में, फोर लेन की सिक्स लेन में, कहीं कंपोजिट विद्यालय बन रहे हैं, कहीं पर कस्तूरबा गांधी विद्यालय का उच्चीकरण हो रहा है। कहीं नौजवानों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अभ्युदय कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है और कहीं पर ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में एक नया परिवर्तन करके अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में 130 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 170 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के साथ ही राप्तीनगर क्षेत्र में नवनिर्मित कल्याण मण्डपम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि हर जनपद में सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर इंप्लॉयमेंट और इंडस्ट्रियल जोन बनाने का काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल है।

**********

ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और सेशेल्स गणराज्य की प्रथम महिला वेरोनिकहर्मिनी कल गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में आयोजित मिशन शक्ति सेट स्पेस वॉक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष मिशन में टीमवर्क की अहम भूमिका होती है।

***108 देशों से बच्चियां आए हैं जो जुड़ी हैं इस मिशन से और जिन्होंने मिलकर शक्ति सेट का एक इंजीनियरिंग मॉडल बनाया है और बहुत खुश हूं मैं यह जानकर कि इतनी सारे देशों को हम जोड़ पाए और एक साथ जगह इस जगह पर ला पाए जो कि अब इस सैटेलाइट को अंतरिक्ष में लॉन्च करेंगे। स्पेस एक्सप्लोरेशन में टीम वर्क की बहुत बड़ी अहमियत होती है और इससे ज्यादा अहमियत हम दिखा नहीं सकते इस जिस जो इस मिशन ने दिखाई है।***

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल लखनऊ के बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर रक्षामंत्री ने कहा कि आज जब भारत बोलता है, तो दुनिया सुनती है। नए भारत में सबसे बड़ा परिवर्तन यह है कि देश अब केवल वैश्विक नियमों का अनुसरण नहीं कर रहा है, बल्कि नियम बनाने में भी योगदान दे रहा है। रक्षामंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं होना चाहिए, बल्कि राष्ट्र निर्माण भी होना चाहिए।

***विद्यालय अथवा विश्वविद्यालय जो होते हैं व्यक्तित्व निर्माण के केंद्र होते हैं। और जब व्यक्तित्व निर्माण होता है तो ऐसे लोग समाज के निर्माण में और राष्ट्र को आगे ले जाने में अपनी अहम भूमिका का निर्वाह करते हैं। इसलिए इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री देने तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि ऐसे युवाओं के निर्माण का भी होना चाहिए जो जस्टिस, इक्वेलिटी, लिबर्टी और Certainty के आदर्शों से प्रेरित होकर नेशन बिल्डिंग में अपना कंट्रीब्यूशन दें।***

**********

प्रदेश सरकार स्वाइन फ्लू की वर्तमान स्थिति को लेकर अलर्ट मोड में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग, जिलाधिकारियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्वाइन फ्लू को लेकर लगातार निगरानी रखने और चिकित्सकीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

***मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में स्वाइन फ्लू के मामलों की नियमित समीक्षा की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि स्वाइन फ्लू के लक्षण दिखाई देने पर समय रहते चिकित्सकीय सलाह लें और आवश्यक जांच कराएं। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

नेपाल में आई भीषण बाढ़ में मृतकों की संख्या छह सौ 69 हो गई है और दो हजार से अधिक लोग लापता हैं। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान जारी है। बचाए गए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। बंद सड़कों को साफ करने का काम भी तेजी से चल रहा है। विदेश मंत्रालय ने बताया है कि नेपाल में अब तक 88 भारतीय नागरिकों को बचाया जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि 287 भारतीय नागरिक लापता हैं। उन्होंने कहा कि 128 भारतीय मूल के लोग भी लापता हैं। रसुवा स्थित एक जलविद्युत परियोजना से चार भारतीय नागरिकों को बचाया गया। कल 120 भारतीय नागरिक चीन से नेपाल में दाखिल हुए हैं।

**********

बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की कई नदियों का जलस्तर बढ रहा है। अतिवृष्टि के कारण पिछले कुछ दिनों में करीब 26 जनपद बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी उफान पर है। प्रशासन और एनडीआरएफ की ओर से चित्रकूट में राहत और बचाव का कार्य जोर शोर से चल रहा है। वाराणसी में गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बलिया में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे के लिए प्रदेश में गरज और चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बलिया में बाढ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावितो को राहत सामग्री भी वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों के साथ खड़ी है।

**********